समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# रोहित शर्मा के आगे फीका पड़ा साई सुदर्शन का तूफान, मुंबई इंडियंस ने क्वालीफायर-2 मे बनाई जगह।

Publisher

Published on 31 May 2025




## एलिमिनेटर मुकाबले मे मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को 20 रनों से हराया, रोहित शर्मा की धमाकेदार पारी ने दिलाई जीत।

**अहमदाबाद : आईपीएल 2025** के **एलिमिनेटर मुकाबले** में मुंबई इंडियंस (MI) ने गुजरात टाइटंस (GT) को **20 रनों से हराकर क्वालीफायर-2** में प्रवेश कर लिया है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में रोहित शर्मा की तूफानी पारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

**MI ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 228 रनों का विशाल स्कोर खड़ा** किया। जवाब में गुजरात टाइटंस की टीम अंतिम ओवर तक संघर्ष करती रही, लेकिन **208 रन बनाकर ऑलआउट** हो गई।

**रोहित शर्मा की कप्तानी पारी ने रखा जीत की नींव**
मुंबई की पारी की बात करें तो **रोहित शर्मा ने 50 गेदों पर 81 रनों की जबरदस्त पारी खेली**। इस दौरान उन्होंने 9 चौके और 4 छक्के लगाए। उनकी आक्रामक बल्लेबाज़ी ने गुजरात की गेंदबाज़ी की कमर तोड़ दी।

**साई सुदर्शन की संघर्ष भरी पारी**
गुजरात की ओर से **साई सुदर्शन ने 49 गेदों मे 80 रन बनाए**, जिसमें 10 चौके और 1 छक्का शामिल था। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर के साथ **84 रनों की साझेदारी** कर मैच में वापसी की कोशिश की, लेकिन रोहित की पारी पर भारी नहीं पड़ सके।

**मैच का टर्निंग पॉइंट**

१. **शुभमन गिल का 1 रन पर आउट** होना
२. **सुंदर और सुदर्शन की साझेदारी के बाद लगातार विकेट गिरना**
३. **रोहित शर्मा की क्लासिक और दमदार पारी**

**अब क्या आगे ?**
**मुंबई इंडियंस अब क्वालीफायर-2 मे पंजाब किंग्स से भिड़ेगी**, जो 1 जून को खेला जाएगा। इस मैच की विजेता टीम सीधे फाइनल में प्रवेश करेगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.